प्रेषिका

प्रतिभा
अपर सिविल जज (जू0डि0)
कोर्ट स0–7 लखीमपुर खीरी।

सेवा में,

श्रीमान महानिबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वारा: माननीय जनपद न्यायाधीश
लखीमपुर खीरी।

विषय: स्थानांतरण के सम्बन्ध में प्रत्यावेदन

महोदय,

ससम्मान निवेदन है कि मैं उ0प्र0 न्यायिक सेवा वर्ष 2018 बैच की अधिकारी हूँ। मेरे द्वारा दिनांक 20–02–2020 को न्यायिक सेवा में कार्यभार ग्रहण किया गया है। मार्च 2020 में मुझे उच्च रक्तचाप व अत्याधिक सिर दर्द की शिकायत हुई जिसके उपचार हेतु विभिन्न जाँच कराने पर Pitutary Macro Adenoma with Acromegaly(a type of brain tumor) का पता चला जिसके इलाज हेतु दिल्ली में Endocrinoligist को दिखाया। वांछित स्वास्थ लाभ न होने पर पुनः AIIMS दिल्ली में दिखाया। AIIMS दिल्ली में दिनांक 30–06–2021 को उपचार हेतु Gama Knife Radiosurgery की गई। जिसके लिए प्रार्थिनी दिनांक 10–06–2021 से 29–07–2021 तक चिकित्सकीय अवकाश पर रही। Surgery के कारण Pitutary gland का काम न करना व Tumor से आँखो पर पडने वाले pressure के कारण मुझे दुसरी समस्या होने लगी है जिसमें Hormonal Imbalance अत्याधिक सिर दर्द, आँखों के आगे कभी–कभी अंधेरा छा जाना व उच्च रक्तचाप, जिसके उपचार व जाँच हेतु मुझे समय पर AIIMS दिल्ली जाना पडता है। मेरा स्थायी निवास दिल्ली है जो कि मेरा वर्तमान Posting से लगभग 450km दूर है। मेरे पिता का देहान्त हो चुका है। मेरी माता जी का स्वास्थ्य भी ठीक नहीं रहता है। ज्यादा दूरी होने के कारण मेरी देखभाल के लिए किसी को साथ नहीं रख सकती हूँ। अचानक स्वास्थ ह्रास होने पर घर से समय पर कोई सहायता भी प्राप्त नहीं हो पाती है। ऐसी स्थिति में मुझे शारीरिक व मानसकि रूप से जल्द से जल्द स्वस्थ होने के लिए अपने परिवार के साथ की व अच्छे उपचार की बहुत आवश्यकता है। यदि मेरा स्थानान्तरण दिल्ली के आस–पास के किसी जनपद में कर दिया जाता है तो मैं अपना इलाज अच्छे से करा पाऊँगी और अपने कार्य को सुचारू रूप से निष्पादित कर पाऊँगी व परिवार के किसी सदस्य को भी अपनी देखभाल के लिए रख सकूँगी।

अतः माननीय महोदय से सादर प्रार्थना है कि उक्त प्रत्यावेदन को सहानुभूति पूर्वक विचारार्थ माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की कृपा करें। मैं माननीय महोदय की सदैव आभारी रहूँगी।

आदर सहित।

Pratibha

भवदीया

दिनांक:– 25.11.2021

प्रतिभा
अपर सिविल जज (जू0डि0)कोर्ट नं0–7
लखीमपुर खीरी।

संलग्नक:
उपरोक्तानुसार

Scanned by TapScanner